दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, बुधवार 08 जनवरी 2020

www.nyaysakshi.com

संपादकीय

नफरत का हमला

पाकिस्तान में बीते शु वार को सिखों के पवित्र तीर्थ ननकाना साहिब की घेरेबंदी और पथराव की घटना ने न केवल पाकिस्तान और भारत बल्कि पूरी दुनिया के सिखों का ध्यान खींचा। पथराव के पीछे एक सिख लड़की के कथित अपहरण और जबरन धर्मांतरण के बाद शादी का मामला है, जिसमें एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के बाद संबंधित परिवार ने ननकाना साहिब पर धरना दिया। भीड़ द्वारा पथराव की घटना वहां इसी दौरान हुई। इस प्रकरण ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को एक बार फिर रेखांकित किया है। पाकिस्तान सरकार अन्य देशों, खासकर भारत में अल्पसंख्यकों की असुरक्षा को लेकर जितनी चिंता आजकल दिखा रही है, उसे ध्यान में रखते हुए यह घटना और महत्वपूर्ण हो जाती है।

पाक प्रधानमंत्री इमरान खान ने शु वार को ही उत्तर प्रदेश में मुस्लिम समाज के लोगों की स्थिति पर चिंता जताते हुए एक विडियो ट्वीट किया, जो बांग्लादेश का था। बहरहाल, ननकाना साहिब पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का एक छोटा सा शहर है जिसकी आबादी करीब 80,000 है। जिला मुख्यालय भी यह 2005 में बना है। संख्या और आर्थिक व सामाजिक हैसियत के लिहाज से सिख पाकिस्तान में हाशिये पर हैं। जाहिर है, सिखों के इस धर्मस्थान की यहां के ज्यादातर स्थानीय निवासियों की नजर में कोई खास अहमियत नहीं है। ऐसे में पिछले साल पाकिस्तान सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर के जरिए भारतीय सिख श्रद्धालुओं को वहां आने की इजाजत देकर अचानक इस शहर का दर्जा काफी ऊंचा कर दिया। इसके पीछे इमरान सरकार की सोच चाहे जो भी रही हो, इलाके के आम लोग इस बात को पॉजिटिव ढंग से लें, यह सुनिश्चित करने की कोई ठोस कोशिश वहां शायद ही हो पाई है। पाकिस्तान में धार्मिक कट्टरपंथ की मजबूत स्थिति को देखते हुए यह संभावना कम है कि किसी भी क्षेत्र की ज्यादातर आबादी किसी अल्पसंख्यक समुदाय की सामाजिक स्थिति में अचानक आई बेहतरी को सहजता से ले सकेगी। ननकाना साहिब जैसे दूर-दराज इलाके का तो कहना ही क्या। ऐसे में बहुसंख्यक प्रतिष्ठा या का इलाज क्या है, सिवाय इसके कि वहां लोगों को अन्य धर्मों के प्रति सहिष्णु बनाया जाए, उन्हें धार्मिक कट्टरता के जाल से मुक्त करने का प्रयास किया जाए। जाहिर है, यह काम पाकिस्तान की सामाजिक-राजनीतिक शक्ति यों को ही करना है। वहां के रौशन ख्याल लोग इसके लिए आगे आ सकते हैं और एक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष पड़ोसी देश के रूप में हम उन्हें अपना वैचारिक और नैतिक समर्थन दे सकते हैं, उनका मनोबल बढ़ा सकते हैं। जो लोग इस संदर्भ में नागरिकता संशोधन कानून का हवाला दे रहे हैं, उन्हें समझना होगा कि ऐसे पीड़ित मजबूरी में इधर आएं वह अलग बात है, लेकिन अगर वे हमारे बुलाने पर भारत आते हैं तो उन्हें इज्जत की जिंदगी हम नहीं दे पाएंगे। ऐसे सभी समुदायों को अपनी लड़ाई अपनी जमीन पर लड़नी होती है और बहुसंख्यकों के साथ मिलकर लड़नी होती है।

आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हूं : शमी

कोलकाता। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोशल साइट पर अपनी ट्रेनिंग की तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि वह नए साल की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

शमी ने ट्विटर पर पोस्ट की गई अपनी तस्वीर के साथ लिखा, ट्रेनिंग जारी है।

नए साल में नई चुनौतियों के लिए तैयारी कर रहा हूं।

शमी ने पिछले साल 20 वनडे मैचों में सर्वाधिक 42 विकेट लिए थे। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही टी-20 सीरीज से आराम दिया गया है।

शमी अब 14 जनवरी से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। भारतीय तेज गेंदबाज ने पिछले साल विश्वकप में अफगानिस्तान के खिलाफ हैट्रिक ली थी।

मजबूत वैश्विक रुख से चांदी के वायदा भाव में तेजी

नयी दिल्ली (आरएनएस)। मजबूत वैश्विक रुख के साथ सटोरियों के सौदे बढ़ाने से मंगलवार को वायदा कारोबार में चांदी 58 रुपये मजबूत होकर 47,604 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मार्च महीने में डिलीवरी वाली चांदी 58 रुपये यानी 0.12 प्रतिशत बढ़कर 47,604 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। इसमें 6,996 लॉट का कारोबार हुआ। इसी प्रकार , मई डिलीवरी वाली चांदी भी 55 रुपये यानी 0.11 प्रतिशत बढ़कर 48,130 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 51 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि मजबूत वैश्विक रुख के साथ कारोबारियों के सौदे बढ़ाने से यहां चांदी की कीमतों में तेजी आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में न्यूयॉर्क में चांदी 0.31 प्रतिशत बढ़कर 18.24 डॉलर प्रति औंस पर रही।

भारत दौरे से ब्रेक लेंगे ऑस्ट्रेलियाई कोच लैंगर

सिडनी। आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर भारत दौरे पर नहीं जाएंगे। वह इस दौरान ब्रेक लेंगे। आस्ट्रेलिया इसी महीने भारतीय दौर पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। लेंगर की अनुपस्थिति में एंड्रयू मैक्डोनाल्ड टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

यह पहली बार होगा जब मैक्डोनाल्ड राष्ट्रीय पुरुष टीम की जिम्मेदारी लेंगे। आस्ट्रेलियाई अखबार सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने लैंगर के हवाले से लिखा है, वह शानदार कोच हैं, उनका समर्थन देने के लिए हमारे पास कुछ और अच्छे कोच भी हैं। आस्ट्रेलिया ने हाल ही में न्यूजीलैंड को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से मात दी है। इससे पहले उसने अपने घर में ही पाकिस्तान को 2-0 से हराया था। आस्ट्रेलिया का भारत दौर 14 जनवरी से शुरू होगा। पहला वनडे मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं दूसरा वनडे 17 जनवरी और तीसरा वनडे 19 जनवरी को खेला जाएगा।

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपया शुरुआती कारोबार में 22 पैसे उछला

मुंबई (आरएनएस)। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 22 पैसे बढ़कर 71.71 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में रुपया बढ़त के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए कारोबार कर रहा है। रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा की तुलना में 71.93 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के सांस्कृतिक स्थलों को निशाना बनाने की धमकी से सोमवार को पेंटागन ने दूरी बना ली। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 1.23 प्रतिशत कमजोर होकर 68.06 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। इस बीच, घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 453.06 अंक यानी 1.11 प्रतिशत बढ़कर 41,129.69 अंक पर चल रहा था।

आईटीआई का दिसंबर तिमाही मुनाफा बढ़कर 168 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली (आरएनएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की आईटीआई का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर, 2019 को समाप्त तिमाही में कई गुना बढ़कर 168.25 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी ने 13.58 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बंबई शेयर बाजार को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 47 प्रतिशत बढ़कर 827.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो एक साल पहले समान तिमाही में 563.23 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा है कि 16 साल के बाद उसकी नेटवर्थ सकारात्मक हो गई है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राकेश मोहन अग्रवाल ने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद कंपनी का प्रदर्शन बेहतर रहा है। कंपनी रणनीतिक क्षेत्रों पर ध्यान दे रही है और वह वृद्धि दर को बनाये रखेगी।

हाजिर मांग से वायदा कारोबार में सोना मजबूत

नयी दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के चलते निवेशकों के कीमती धातु पर दांव लगाने से वायदा कारोबार में मंगलवार को सोना 18 रुपये चढ़कर 40,490 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। अमेरिकी हमले में ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी के मारे जाने के बाद से पश्चिमी एशिया में तनाव बढ़ गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर फरवरी महीने में डिलीवरी वाला सोना 18 रुपये यानी 0.04 प्रतिशत बढ़कर 40,490 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इसमें 4,004 लॉट का कारोबार हुआ। वहीं , अप्रैल डिलीवरी वाला सोना 12 रुपये यानी 0.03 प्रतिशत बढ़कर 40,691 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इसमें 288 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि प्रतिभागियों के नए सौदे करने से सोने की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.02 प्रतिशत बढ़कर 1,569.10 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

न्यू जीलैंड दौरा आसान नहीं होगा लेकिन मैं तैयार हूं: रोहित शर्मा

नई दिल्ली। हाल ही में टेस्ट ओपनर की जिम्मेदारी संभालने वाले रोहित शर्मा मानते हैं कि न्यू जीलैंड का घातक फास्ट बोलिंग अटैक अपने घर में और भी ज्यादा कारगर साबित होता है क्योंकि वह अपनी योजनाओं को बखूबी अंजाम देते हैं। लेकिन इसके बावजूद रोहित मानते हैं कि वह आने वाले चैलेंज के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। टेस्ट में ओपनिंग की जिम्मेदारी संभालने के बाद अब तक एक दोहरे शतक समेत तीन शतक ठोक चुके रोहित इस बार न्यू जीलैंड जाकर नई लाल गेंद से नील वैगनर, मैट हैनरी, ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी के मिश्रण वाले पेस अटैक का सामना करेंगे। यहां भारतीय टीम को दो टेस्ट मैच खेलने हैं, जो फरवरी में वेलिंग्टन और क्राइस्टचर्च में खेले जाएंगे।

जिंदल स्टील एंड पावर ने तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड 16.1 लाख टन इस्पात का किया उत्पादन

नयी दिल्ली (आरएनएस)। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 16.1 लाख टन इस्पात का उत्पादन किया। यह किसी भी तिमाही में कंपनी का सर्वाधिक उत्पादन है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया , जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2019-20 की तीसरी तिमाही में किसी भी तिमाही की तुलना में सबसे ज्यादा इस्पात उत्पादन किया है। अक्टूबर - दिसंबर अवधि में जेएसपीएल की रायगढ़ और अंगुल परिचालन ने इस्पात उत्पादन में 8,17,344 टन और 7,92,822 टन का योगदान किया। जिंदल स्टील एंड पावर के प्रबंध निदेशक वी . आर . शर्मा ने कहा , कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया। बाजार स्थितियों के प्रतिकूल रहने के बावजूद जेएसपीएल ने यह नतीजे हासिल किए हैं।

ठंड में सर्दी-खांसी, वायरल से बचना है तो रोज खाएं एक आंवला

आंवला जिसे इंडियन गूसबेरी भी कहा जाता है, हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। यदि आप रोजाना एक आंवला खाते हैं, तो यह आपको को कई तरह की बीमारियों से बचाता है। आंवला का सेवन सर्दियों के समय काफी अच्छा माना जाता है। सर्दियों में आंवला आप कई तरीके से खा सकते हैं, आप चाहें तो अचार, आंवला मुरब्बा, सुखा आंवला पाउडर, कच्चा आंवला या आंवला कैंडी के रूप में खा सकते हैं। आप आंवला ड्रिंक के रूप में भी सेवन कर सकते हैं।

बॉडी को डिटॉक्स करता है आंवला

आंवला ऐंटिऑक्सिडेंट्स से भरपूर होता है और बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करता है। इसके अलावा शरीर की इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में भी मदद करता है। आंवला खाने का सबसे अच्छा समय सुबह होता है। यह शरीर से अतिरिक्त विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है।

विटमिन सी का प्राकृतिक स्रोत

आंवला विटमिन सी का काफी अच्छा स्रोत है। इसमें एक संतरे की तुलना में 8 गुना अधिक विटमिन सी होता है और 1 आंवले में संतरे से 17 गुना अधिक ऐंटिऑक्सिडेंट होता है। विटमिन सी के साथ-साथ यह कैल्शियम का भी एक समृद्ध स्रोत है। यह आपको कई मौसमी बीमारियों से दूर रखने के साथ-साथ सर्दी या खांसी में भी राहत दिलाता है।

वायरल से रखे दूर

आंवला में ऐंटीऑक्सिडेंट और विटमिन सी आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने और सर्दी और खांसी सहित वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों को रोकने में मदद करता है। आंवले का कसैला स्वाद ही आपकी सेहत को अच्छा रखने में सहायक है।

आज का राशिफल

मेष: नवीन कार्य व्यवसाय प्रारंभ करेंगे। अपने सामाजिक जीवन में मित्रों के साथ निजी या गुप्त रहस्यों का हल निकाल सकते हैं।

वृष: आपकी आय अच्छी बने रहने के आसार हैं। घर के बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आध्यात्मिक उन्नति होगी।

मिथुन: नई सूचनाएं और संदेश आपकी महत्वाकांक्षाओं को नए पर लगा सकती हैं। यात्राओं की अधिकता के कारण स्वास्थ कुछ नरम रहेगा।

कर्क : आपकी किसी लापरवाही या गलती की वजह से परिवार में अशांति बढ़ सकती है। वित्तीय मामलों में आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। बैक्टीरिया/सं मित रोगों से बचना चाहिए।

सिंह: दूसरे लोगों के सामने आप अपने आपको बेहतर तरीके से अभिव्यक्त करेंगे। भूमि या भवन के विवाद के कारण मानसिक अशांति हो सकती है।

कन्या: सामान्य सी बात पर कानूनी विवाद उत्पन्न हो सकता है। कागजी कामकाज और रोजमर्रा के कार्यों को आप बेहतर तरीके से निपटाएंगे। यात्राओं का योग बन रहा है।

तुला: आज आप इन दिनों काफी ऊंचे ख्यालों में खोये रहेंगे तथा कुछ कल्पनाएं आपके मन को व्यथित कर सकती हैं। नई परियोजनाओं की शुरुआत करें और दूसरों का सहयोग लेने में हिचक न दिखाएं।

वृश्चिक: इस समय आपको कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ सकता है। दांपत्य जीवन सामान्यतः ठीक रहेगा। नवीन रोजगार प्राप्ति में सहायता मिलेगी।

धनु: इस समय आपको नए कार्यों की योजना बनानी चाहिए। ग्रह स्थितियां अनुकूल होने के कारण संघर्ष अनुरूप सफलता का प्रतिशत भी अच्छा होगा।

मकर: महत्वपूर्ण पदों पर बैठे प्रभावशाली लोग आपका पक्ष लेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ाने हेतु आप प्रयासरत रहेंगे। मन में शांति होगी।

कुंभ: वित्तीय कार्य निपटाना और नए निवेश से आपको लाभ हो सकता है। आजीविका के क्षेत्र में परिवर्तन भी देखने को मिलेगा। राजकीय कार्यों में लाभ होगा।

मीन: समय प्रबंधन से आप कई रुके हुए काम कर सकते हैं। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। अनिश्चितता के कारण मानसिक तनाव की स्थितियां आ सकती है।

भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया में विंग कमांडर विजय कार्णिक के रोल में कुछ ऐसे दिखेंगे अजय

पिछले काफी समय से अजय देवगन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया के का इंतजार किया जा रहा है। यह फिल्म 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है और अजय इसमें इंडियन एयरफोर्स के विंग कमांडर विजय कार्णिक का किरदार निभा रहे हैं। कार्णिक 1971 के युद्ध में भुज के एयरबेस के इंचार्ज थे और पाकिस्तानी की बमबारी के बावजूद उन्होंने एयरबेस को ऑपरेशनल रखा था।

यह पहली बार होगा जबकि अजय देवगन एयरफोर्स अधिकारी के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक दुधाइया ने सोशल मीडिया पर फिल्म से अजय के फर्स्ट लुक को शेयर किया है। फर्स्ट लुक को रिलीज करते हुए उन्होंने लिखा, मेरी फिल्म भुज द प्राइड ऑफ इंडिया से स्क्वॉड्रन लीडर विजय कार्णिक के रूप में अजय देवगन सर का फर्स्ट लुक शेयर करना मेरी खुशनसीबी है।

वैसे अपने खुद के किरदार में अजय देवगन को देखकर विजय कार्णिक भी काफी उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि अजय है इस किरदार के साथ न्याय कर सकते हैं। भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया इस साल इंडिपेंडेंस डे पर 14 अगस्त को रिलीज होगी।

ईशान खट्टर और अनन्या पांडे की खाली-पीली का फर्स्ट लुक

ईशान खट्टर और अनन्या पांडे ने बॉलिवुड में धमाकेदार डेब्यू किया था। ईशान ने जाह्नवी कपूर के साथ धड़क से जबकि अनन्या ने तारा सुतारिया और टाइगर श्रॉफ के साथ स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 से फिल्मों में डेब्यू किया था। इन दोनों की ही परफॉर्मेंस को काफी सराहा गया था और अब ये दोनों साथ में फिल्म खाली पीली में नजर आने वाले हैं।

जबसे इस फिल्म की घोषणा हुई थी तभी से यह चर्चा में है और अब इसका फर्स्ट लुक आ गया है। फिल्म से एक स्टिल फोटो मेकर्स ने शेयर किया है जिसमें ईशान को टैक्सी ड्राइवर और अनन्या को टैक्सी की सवारी के रूप में दिखाया गया है। तस्वीर में ईशान जहां कूल दिखाई दे रहे हैं वहीं अनन्या थोड़ी परेशान दिखाई दे रही हैं।

घर पर आसानी से तैयार करें एगलेस फ्रूटकेक

सामग्री

मैदा - 2 कप, आलू बुखार- 200 ग्राम, सूखे किशमिश - 200 ग्राम, अखरोट - 100 ग्राम, मक्खन -1 कप, गाढ़ा दूध - 300 ग्राम, कंडेन्स मिल्क - 100 ग्राम, ब्राउन शुगर - 100 ग्राम, टूटी फूटी - 50 ग्राम, चेरी - 8 से 10, बादाम - 15 से 20 (बारिक कटे हुए), ऑरेंज जेस्ट - 1टेबलस्पून, नींबू जेस्ट - 1 टेबलस्पून, छोटी इलाइची - 6 से 7 (पीसी हुई), खड़ी दालचीनी - 1/2 इंच टुकड़ा, लौंग - 2-3, जायफल - आधा टीस्पून, काली मिर्च - 4-5, बेकिंग पाउडर - 2 टेबलस्पून, वेनिला एसेंस - 1 टेबलस्पून, दूध - 1/2 कप

विधि

- सबसे पहले सूखे आलू बुखारे के बीज निकाल कर उन्हें छोटे टुकड़ों में काट लें। अब दाल चीनी, काली मिर्च और लौंग को पीस कर पाउडर तैयार करें। एक छन्नी की मदद से बेकिंग पाउडर और मैदा को अच्छी तरह से मिक्स करके छान लें। अब एक बॉउल में मक्खन, ब्राउन शुगर और सादी चीनी डाल कर गाढ़ा होने तक मिलाएं। अब इसमें कंडेंस्ड मिल्क और मैदे को डालकर अच्छे से मिलाएं। बैटर में नींबू और ऑरेंज जेस्ट भी डालें। तैयार बैटर में सारे मसाले, अखरोट, चेरी, सूखा आम और टूटी फूटी डालकर अच्छी तरह मिला लें। इसमें दूध डाले। अब केक के लिए हमारा बैटर बन कर तैयार है। ओवन को 180 सेंटीग्रेड पर प्रीहीट करें। बेकिंग ट्रे पर बचर पेपर बिछाए और मक्खन से ग्रीस करें। अब उसमें बैटर डाल कर फैलाएं और बादाम डालें। प्रीहीट होने के बाद केक को ओवन 35 मिनट तक रहने दें। बनने के बाद चाकू डालकर एक बार चैक कर लें। अगर बैटर कच्चा है तो चाकू में लग जाएंगा इसके लिए इसे और 10 मिनट के लिए ओवन में रहने दें। निर्धारित समय के बाद आपका केक बनकर तैयार होगा। इसे ठंडा कर चाकू से चारों ओर से काट कर ट्रे से निकाल लें। अब अपने टेस्ट के मुताबिक इसके ऊपर चेरी के कटे पीस से सजाएं।

शब्द सामर्थ्य- 98

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 97 का हल

चु	स्त	■	मु	■	सं	स्था	न	■
ग	■	म	र्दा	न	गी	■	त	म
ली	प	ना	■	■	त	न	■	■
■	ना	ना	■	■	■	■	ज	■
मा	ह	■	रा	■	सा	ज	न	■
न	■	स	ह	दे	व	■	म	द
व	■	म	■	व	न	ज	■	ल
ता	क	त	व	र	■	मी	■	द
■	ल	ल	क	■	क	र	त	ल

सू-दोकू- 98

	3		7				2	1
2				9		4		
	7		1				5	
		1		5		2		7
	5				4			
		4		1		8		5
					1			
1		5		3		9		
	2		6		5		1	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.97 का हल

8	9	5	1	6	3	2	4	7
3	2	1	9	7	4	8	6	5
4	7	6	2	5	8	3	9	1
7	6	9	5	2	1	4	3	8
1	8	3	4	9	7	6	5	2
2	5	4	8	3	6	1	7	9
5	3	8	7	4	2	9	1	6
6	1	7	3	8	9	5	2	4
9	4	2	6	1	5	7	8	3